Exercise-1

✍ चिन्हित प्रश्न दोहराने योग्य प्रश्न है।

भाग - I : विषयात्मक प्रश्न (SUBJECTIVE QUESTIONS)

मोल-I : रासायनिक संयोजन का नियम

खण्ड (A) : STP पर आदर्श गैस का मोलर आयतन, औसत आण्विक द्रव्यमान

याद रखने योग्य तथ्य :

Y-आरेख : मोल–आयतन, द्रव्यमान तथा कणों की संख्या का अन्तर्परिवर्तन



A-1. निम्न के STP पर आयतन ज्ञात कीजिए (i) 2 ग्राम H_2 (ii) 16 ग्राम O_3.

A-2.✍ H_2 व N_2O गैस का एक गैसीय मिश्रण N_2O का 66 % द्रव्यमान रखता हैं। मिश्रण का औसत आण्विक द्रव्यमान क्या हैं ?

खण्ड (B) : मूलानुपाती सूत्र, दिये गये यौगिक का द्रव्यमान से % संघटन, मोल %, न्यूनतम आण्विक द्रव्यमान

याद रखने योग्य तथ्य :

अणुसूत्र मुलानुपाती सूत्र का पूर्णसंख्यक गुणज होता है।

B-1. किसी गैसीय मिश्रण में 2 मोल CO_2, 1 मोल H_2 व 2 मोल He उपस्थित है तो CO_2 के मोल प्रतिशत की गणना करो?

B-2.✍ एक यौगिक की संरचना हीमोग्लोबिन जैसी है। यह एक Fe रखता है। यह 4.6% Fe युक्त है। इसके आण्विक द्रव्यमान की गणना करो।

B-3. एक यौगिक 25% हाइड्रोजन तथा 75% कार्बन द्रव्यमान अनुसार है। यौगिक का मूलानुपाती सूत्र निर्धारित कीजिए।

मोल-II : रससमीकरणमिती के मौलिक सिद्धान्त

खण्ड (C) : रससमीकरणमिति, समीकरण आधारित गणनाएँ (प्रारम्भिक स्तर एकल अथवा 2 समीकरण)

याद रखने योग्य तथ्य :

अब कोई सामान्य संतुलित रासायनिक अभिक्रिया के लिये

$$aA + bB \longrightarrow cC + dD$$

आप याद रख सकते हो :

$$\frac{\text{A के क्रियाकारी मोल}}{a} = \frac{\text{B के क्रियाकारी मोल}}{b} = \frac{\text{C के क्रियाकारी मोल}}{c} = \frac{\text{D के क्रियाकारी मोल}}{d}$$

C-1. 2.76 ग्राम Ag_2CO_3 को प्रबलता से गर्म करने पर कितना अवशिष्ट प्राप्त होगा।

$$Ag_2CO_3 \xrightarrow{\Delta} 2Ag + CO_2 + \frac{1}{2}O_2$$

C-2. आयरन के उस भार की गणना करो जो कि 18 ग्राम भाप के द्वारा इसके ऑक्साइड में परिवर्तित हो जाता है।
असंतुलित अभिक्रिया : $Fe + H_2O \xrightarrow{\Delta} Fe_3O_4 + H_2$

C-3. $KClO_3$ का एक नमूना विघटित होकर, ऑक्सीजन गैस के NTP पर 448 ml उत्पन्न करता है, तो गणना करो (i) ऑक्सीजन उत्पाद का भार, (ii) $KClO_3$ का लिया गया वास्तविक भार, तथा (iii) KCl का उत्पादित भार
(K = 39 , Cl = 35.5 तथा O = 16)

खण्ड (D) : सीमान्त अभिकर्मक, % आधिक्य, % लब्धि/दक्षता

D-1.^ $CaCO_3$ के 50 ग्राम की H_3PO_4 के 73.5 ग्राम के साथ क्रिया करायी जाती है।
$CaCO_3 + H_3PO_4 \longrightarrow Ca_3(PO_4)_2 + H_2O + CO_2$
परिकलित कीजिए :
(i) बनाये गये $Ca_3(PO_4)_2$ की मात्रा (मोल में)
(ii) क्रिया में काम में नहीं लिये गये अभिकर्मक की मात्रा (मोल में)

D-2.^ कार्बन टेट्रा क्लोराइड (CCl_4) विलयन में निम्न अभिक्रिया के लिये प्रतिशत लब्धि 80% है।

$$Br_2 + Cl_2 \longrightarrow 2BrCl$$

(a) 0.025 मोल Br_2 और 0.025 मोल Cl_2 के अभिक्रिया से प्राप्त BrCl के मोल की गणना करो।
(b) अभिक्रिया के पश्चात् बचे हुए Br_2 के मोलों की गणना करो।

खण्ड (E) : क्रमागत तथा समानान्तर क्रम में सम्पन्न होने वाली अभिक्रियाएँ, परमाणु संरक्षण का सिद्धान्त (POAC) तथा % शुद्धता

E-1. $KClO_3$ दो समान्तर अभिक्रियाओं द्वारा वियोजित होता है –
(i) $2KClO_3 \xrightarrow{\Delta} 2KCl + 3O_2$ (ii) $4KClO_3 \xrightarrow{\Delta} 3KClO_4 + KCl$
यदि 3 मोल O_2 व 1 मोल $KClO_4$ अन्य उत्पादों के साथ प्राप्त होते हैं तो $KClO_3$ के प्रारम्भिक मोलों की गणना करो।

E-2.^ 1 ग्राम कैल्शियम के द्वारा कितना CaO प्राप्त हो सकता है ?

E-3. Na_2CO_3 तथा $NaHCO_3$ के एक 2 ग्राम नमूने को जब 300ºC पर गर्म किया जाता हैं, तो इसके भार में 0.248 ग्राम की कमी आती है। इस ताप पर $NaHCO_3$ का Na_2CO_3, CO_2 तथा H_2O में विघटन होता है। दिये गये मिश्रण में Na_2CO_3 की द्रव्यमान प्रतिशतता क्या होगी?

E-4. चॉक का एक नमूना मिट्टी की अशुद्धि युक्त है तथा लम्बे समय तक गर्म करने पर नमी हट जाती है और मिट्टी आपने भार का 11% खो देती है। चॉक के नमूने के 5 ग्राम को गर्म करने पर 1.1 ग्राम भार की कमी दर्शाता है। (CO_2 तथा जल के मुक्त होने के कारण) नमूने में चॉक ($CaCO_3$) का प्रतिशत परिकलित कीजिए। [संकेत : चॉक ($CaCO_3$) को गर्म करने पर CO_2 को मुक्त करती है]

मोल-III : ऑक्सीकरण अपचयन तथा रेडॉक्स अभिक्रियाओं का सन्तुलन

खण्ड (F) : ऑक्सीकरण अंक का मूलभूत सिद्धान्त

F-1. निम्न यौगिकों में चिन्हित तत्वों का ऑक्सीकरण अंक ज्ञात करो।

(a) $K[\underline{Co}(C_2O_4)_2(NH_3)_2]$ (b) $K_4\underline{P}_2O_7$ (c) $\underline{Cr}O_2Cl_2$
(d) $Na_2[\underline{Fe}(CN)_5(NO^+)]$ (e) $\underline{Mn}_3O_4$ (f) $Ca(\underline{Cl}O_2)_2$
(g) $[\underline{Fe}(NO^+)(H_2O)_5]SO_4$ (h) $\underline{Zn}O_2^{2-}$ (i) $\underline{Fe}_{0.93}O$

F-2. निम्न अभिक्रियाओं में ऑक्सीकारक और अपचायक को पहचानियें :

(a) $KMnO_4 + KCl + H_2SO_4 \longrightarrow MnSO_4 + K_2SO_4 + H_2O + Cl_2$

(b) $FeCl_2 + H_2O_2 + HCl \longrightarrow FeCl_3 + H_2O$

(c) $Cu + HNO_3$ (dil) $\longrightarrow Cu(NO_3)_2 + H_2O + NO$

(d) $Na_2HAsO_3 + KBrO_3 + HCl \longrightarrow NaCl + KBr + H_3AsO_4$

(e) $I_2 + Na_2S_2O_3 \longrightarrow Na_2S_4O_6 + NaI$

खण्ड (G) : ऑक्सीकरण अपचयन अभिक्रियाओं का सन्तुलन

G-1. अम्लीय विलयन में निम्नलिखित अभिक्रियाओं के लिए सम्पूर्ण सन्तुलित आयनिक अभिक्रियाओं को लिखिए।

(a) $IO_3^-(aq) + Re(s) \longrightarrow ReO_4^-(aq) + I^-(aq)$

(b) $S_4O_6^{2-}(aq) + Al(s) \longrightarrow H_2S(aq) + Al^{3+}(aq)$

(c) $S_2O_3^{2-}(aq) + Cr_2O_7^{2-}(aq) \longrightarrow S_4O_6^{2-}(aq) + Cr^{3+}(aq)$

(d) $ClO_3^-(aq) + As_2S_3(s) \longrightarrow Cl^-(aq) + H_2AsO_4^-(aq) + HSO_4^-(aq)$

(e) $HSO_4^-(aq) + As_4(s) + Pb_3O_4(s) \longrightarrow PbSO_4(s) + H_2AsO_4^-(aq)$

(f) $HNO_2(aq) \longrightarrow NO_3^- + NO(g)$

G-2. क्षारीय विलयन में निम्न अभिक्रियाओं के लिए सम्पूर्ण सन्तुलित आयनिक अभिक्रियाओं को लिखिए।

(a) $Tl_2O_3(s) + NH_2OH(aq) \longrightarrow TlOH(s) + N_2(g)$

(b) $C_4H_4O_6^{2-}(aq) + ClO_3^-(aq) \longrightarrow CO_3^{2-}(aq) + Cl^-(aq)$

(c) $H_2O_2(aq) + Cl_2O_7(aq) \longrightarrow ClO_2^-(aq) + O_2(g)$

(d) $Al(s) + BiONO_3(s) \longrightarrow Bi(s) + NH_3(aq) + [Al(OH)_4]^-(aq)$

(e) $[Cu(NH_3)_4]^{2+}(aq) + S_2O_4^{2-}(aq) \longrightarrow SO_3^{2-}(aq) + Cu(s) + NH_3(aq)$

(f) $Mn(OH)_2(s) + MnO_4^-(aq) \longrightarrow MnO_2(s)$

मोल-IV : सान्द्रता मापन

खण्ड (H) : सान्द्रता मापन की इकाईयाँ, सान्द्रता इकाईयों का अन्तर परिवर्तन

Commit to memory :

विलयन की मोलरता = $\dfrac{\text{विलेय की मोलो की संख्या}}{\text{विलयन का आयतन (लीटर में)}}$

मोललता = $\dfrac{\text{विलेय के मोलों की संख्या}}{\text{ग्राम में विलायक का द्रव्यमान}} \times 1000$

माना विलयन में विलेय के मोलों की संख्या = n

यदि विलयन में विलायक के मोलों की संख्या = N

$\therefore$ विलेय (x_1) का मोल भिन्न = $\dfrac{n}{n+N}$ $\Rightarrow$ विलायक (x_2) का मोल भिन्न = $\dfrac{N}{n+N}$

% w/w = $\dfrac{\text{विलेय का द्रव्यमान (ग्राम में)}}{\text{विलयन का द्रव्यमान (ग्राम में)}} \times 100$ $\Rightarrow$ % w/v = $\dfrac{\text{विलेय का द्रव्यमान (ग्राम में)}}{\text{विलयन का आयतन (मिली में)}} \times 100$

% v/v = $\dfrac{\text{विलेय का आयतन (मिली में)}}{\text{विलयन का आयतन (मिली में)}} \times 100$ $\Rightarrow$ $ppm_A = \dfrac{\text{A का द्रव्यमान}}{\text{कुल द्रव्यमान}} \times 10^6$ = द्रव्यमान प्रभाज $\times 10^6$

H-1. 100 ml 1 M KOH विलयन बनाने के लिए KOH का कितना द्रव्यमान आवश्यक है ? [परमाणु भार K = 39]

H-2. KCl के 7.45 ग्राम को 500 mL में घोलने पर बने KCl विलयन की मोललता ज्ञात कीजिए। (d_{sol} = 1.2 ग्राम mL^{-1})

H-3.^
(i) यदि आपको 2M NaOH विलयन दिया गया है जिसका घनत्व 1 g/ml है, तब विलयन की मोललता बताओ।
(ii) 5m (मोललता) NaOH विलयन जिसका घनत्व 1.5 g/ml है, तो इसकी मोलरता ज्ञात करो।
(iii) प्रश्न (i) में दिये विलेय का मोल प्रभाज्य ज्ञात करो।
(iv) प्रश्न (ii) में दिये विलेय का मोल प्रभाज्य ज्ञात करो।
(v) प्रश्न (i) में दिये विलयन में NaOH का % (भार/भार) में ज्ञात करो।
(vi) प्रश्न (ii) में दिये विलयन में NaOH का % (भार/भार) में ज्ञात करो।
(vii) प्रश्न (ii) में दिये विलयन में NaOH का % (भार/आयतन) में ज्ञात करो।

खण्ड (I) : तनुता व दो द्रवों का मिश्रण

I-1. एक विलयन में Cl^- की सान्द्रता बताओं, जो $BaCl_2$, NaCl और HCl प्रत्येक के एक मोल को 500 ml पानी में मिलाने पर प्राप्त होता है।

I-2. 50 ml HNO_3 जिसका घनत्व 1.5 ग्राम ml^{-1} तथा जिसका भार प्रतिशत 63 % है, से 1 मोलर विलयन बनाने के लिए जल का क्या आयतन मिलाना चाहिए।

I-3. 1 M KOH और 6 M KOH प्रत्येक के 1 L से KOH के 3 M विलयन का कितना अधिकतम आयतन पानी मिलाकर बनाया जा सकता है ?

I-4.^
(i) एक 300 ग्राम, 30% भारानुसार NaOH विलयन में 500 ग्राम, 40% भारानुसार NaOH विलयन को मिलाया जाता है। अन्तिम विलयन के द्रव्यमान प्रतिशत (भार/भार) में ज्ञात करो।
(ii) यदि अन्तिम आयतन का घनत्व 2 g/ml हो, तो प्रश्न (i) में NaOH का % (भार/आयतन) में क्या होगा ?
(iii) प्रश्न (i) में प्राप्त अन्तिम विलयन की मोललता क्या होगी।

भाग - II : केवल एक सही विकल्प प्रकार (ONLY ONE OPTION CORRECT TYPE)

मोल-I : रासायनिक संयोजन का नियम

खण्ड (A) : STP पर आदर्श गैस का मोलर आयतन, औसत आण्विक द्रव्यमान

A-1. समान परिस्थितियों में, दो गैसों में अणुओ की संख्या समान हैं। वे निश्चित रूप से :
(A) नोबल गैस हैं।
(B) समान आयतन की है।
(C) प्रत्येक का 22.4 dm^3 आयतन होगा।
(D) परमाणुओं की समान संख्या रखती है।

A-2. आदर्श गैस SO_x के 16 ग्राम STP पर 5.6 लीटर रखता है। x का मान बताइये –
(A) x = 3 (B) x = 2 (C) x = 4 (D) कोई नहीं

खण्ड (B) : मूलानुपाती सूत्र, दिये गये यौगिक का द्रव्यमान से % संघठन, मोल %, न्यूनतम आण्विक द्रव्यमान

B-1. आण्विक द्रव्यमान 120 u लिए एक यौगिक का मूलानुपाती सूत्र CH_2O हैं। यौगिक का अणु सूत्र निम्न हैं :
(A) $C_2H_4O_2$ (B) $C_4H_8O_4$ (C) $C_3H_6O_3$ (D) उपरोक्त सभी

B-2. यौगिक के अणु सूत्र की गणना करो। यदि उसमें 20% Ca तथा 80% Br उपस्थित है, यदि यौगिक का अणुभार 200 u हैं। (परमाणु भार, Ca = 40, Br = 80)
(A) $Ca_{1/2}Br$ (B) $CaBr_2$ (C) CaBr (D) Ca_2Br

B-3. एक यौगिक 8% सल्फर (द्रव्यमान का) रखता है। न्यूनतम आण्विक द्रव्यमान निम्न है :
(A) 200 u (B) 400 u (C) 155 u (D) 355 u

B-4. कोर्टिसॉन जो एक आण्विक पदार्थ है, जो प्रति अणु कार्बन के 21 परमाणु युक्त है। कॉर्टिसॉन में कार्बन का द्रव्यमान प्रतिशत 69.98% है। इसका मोलर द्रव्यमान निम्न है–
(A) 176.5 g (B) 252.2 g (C) 287.6 g (D) 360.1 g

मोल-II : रससमीकरणमिती के मौलिक सिद्धान्त

खण्ड (C) : रससमीकरणमिति, समीकरण आधारित गणनाएँ (प्रारम्भिक स्तर एकल अथवा 2 समीकरण)

C-1. N.T.P. पर 11.2 लीटर ऑक्सीजन बनाने के लिए पौटेशियम क्लोरेट के कितने मोल आवश्यक हैं ?

$KClO_3 \longrightarrow KCl + \frac{3}{2}O_2$

(A) $\frac{1}{2}$ मोल (B) $\frac{1}{3}$ मोल (C) $\frac{1}{4}$ मोल (D) $\frac{2}{3}$ मोल

C-2. $2P + Q \rightarrow R$, अभिक्रिया के लिए P के 8 मोल और Q का आधिक्य हो तो उत्पाद बनेगा :

(A) R के 8 मोल (B) R के 5 मोल (C) R के 4 मोल (D) R के 13 मोल

C-3. यदि 1.5 मोल ऑक्सीजन के Al के साथ अभिक्रिया करके Al_2O_3 देते हैं, तो अभिक्रिया में प्रयुक्त Al भार है :

(A) 27 ग्राम (B) 40.5 ग्राम (C) 54 ग्राम (D) 81 ग्राम

C-4. 0.01 मोल H_2SO_4 की Na_2CO_3 के आधिक्य से अभिक्रिया कराने पर CO_2 के कितने लीटर STP पर प्राप्त होते हैं।

$Na_2CO_3 + H_2SO_4 \longrightarrow Na_2SO_4 + CO_2 + H_2O$

(A) 22.4 L (B) 2.24 L (C) 0.224 L (D) 1.12 L

C-5. जब एथिलीन के 100 ग्राम पूर्णरूप से पॉलिथीन में बहुलकीकृत हो जाते हैं, तो समीकरण के अनुसार पॉलिथीन का भार निम्न है : $n(C_2H_4) \rightarrow (-CH_2-CH_2-)_n$.

(A) (n/2) ग्राम (B) 100 ग्राम (C) (100/n) ग्राम (D) 100n ग्राम

C-6. क्षारीय मृदा धातु के 12 ग्राम, इसके नाइट्राइड के 14.8 ग्राम देते है। धातु का परमाणु भार कितना है।

(A) 12 (B) 20 (C) 40 (D) 14.8

खण्ड (D) : सीमान्त अभिकर्मक, % आधिक्य, % लब्धि/दक्षता

D-1. 0.2 मोल $Ca(OH)_2$ के साथ 0.5 मोल H_2SO_4 को मिश्रित किया जाता हैं। बने $CaSO_4$ के मोलों की अधिकतम संख्या निम्न हैं :

(A) 0.2 (B) 0.5 (C) 0.4 (D) 1.5

D-2. 2 मोल जिंक, 3 मोल आयरन तथा 5 मोल सल्फर से $Zn(FeS_2)$ के कितने मोल बनाये जा सकते है।

(A) 2 मोल (B) 3 मोल (C) 4 मोल (D) 5 मोल

D-3. 'X' (परमाण्विय भार = 36) तथा 'Y' (परमाण्विय भार = 24) के समान भार की क्रिया कराकर यौगिक X_2Y_3 बनाया जाता है। तब

(A) X सीमांत अभिकर्मक है।

(B) Y सीमांत अभिकर्मक है।

(C) कोई भी अभिकारक नहीं बचता है तथा बनायें गये X_2Y_3 का द्रव्यमान लिए गये 'X' के द्रव्यमान से दुगुना होता है।

(D) इनमें से कोई नहीं।

D-4. $Ni + 4CO \longrightarrow Ni(CO)_4$

दिये गये मॉण्ड प्रक्रम में Ni की मात्रा ज्ञात करो, यदि प्रक्रम में उपयोग में आयी CO एक प्रक्रम द्वारा प्राप्त की जाती है जिसमें 6 ग्राम कार्बन की अभिक्रिया 44 ग्राम CO_2 से कराई जाती है। (Ni = 59 u)

(A) 14.675 ग्राम (B) 29 ग्राम (C) 58 ग्राम (D) 28 ग्राम

खण्ड (E) : क्रमागत तथा समानान्तर क्रम में सम्पन्न होने वाली अभिक्रियाएँ, परमाणु संरक्षण का सिद्धान्त (POAC), तथा % शुद्धता

E-1. कार्बन डाइ ऑक्साइड की पर्याप्त मात्रा प्राप्त करने के लिए $CaCO_3$ का कितना भार वियोजित होना चाहिए, जिससे Na_2CO_3 का 21.2 kg पूर्णतया $NaHCO_3$ में परिवर्तित हो जाए। [परमाण्वीय द्रव्यमान Na = 23, Ca = 40]

$$CaCO_3 \longrightarrow CaO + CO_2$$

$$Na_2CO_3 + CO_2 + H_2O \longrightarrow 2NaHCO_3$$

(A) 100 Kg (B) 20 Kg (C) 120 Kg (D) 30 Kg

E-2. उत्पाद NX निम्न दिये गये अभिक्रिया पदों के द्वारा बनता है

$$M + X_2 \longrightarrow MX_2$$

$$3MX_2 + X_2 \longrightarrow M_3X_8$$

$$M_3X_8 + N_2CO_3 \longrightarrow NX + CO_2 + M_3O_4$$

206 ग्राम NX उत्पाद बनाने के लिए कितनी M (धातु) प्रयुक्त होगी ? (दिया गया धातु का भार M = 56, N=23, X = 80)

(A) 42 ग्राम (B) 56 ग्राम (C) $\frac{14}{3}$ ग्राम (D) $\frac{7}{4}$ ग्राम

E-3. कैलिफोर्निया में ऑयल–फील्ड ब्राइन से आयोडीन प्राप्त करने के लिए निम्न प्रक्रम को काम मे लिया जाता है।

$$NaI + AgNO_3 \longrightarrow AgI + NaNO_3 \quad ; \quad 2AgI + Fe \longrightarrow FeI_2 + 2Ag$$

$$2FeI_2 + 3Cl_2 \longrightarrow 2FeCl_3 + 2I_2$$

तृतीय पद में प्रत्येक 254 kg I_2 उत्पादित करने के लिए प्रथम पद में $AgNO_3$ के कितने ग्राम आवश्यक है ?

(A) 340 kg (B) 85 kg (C) 68 kg (D) 380 kg

E-4. 25.4 ग्राम आयोडीन तथा 14.2 ग्राम क्लोरीन पूर्णतया अभिकृत होकर ICl तथा ICl_3 का मिश्रण बनाती हैं, तो बनाये गये ICl तथा ICl_3 के मोलों की संख्या ज्ञात करो।

(A) 0.1 मोल, 0.1 मोल (B) 0.1 मोल, 0.2 मोल (C) 0.5 मोल, 0.5 मोल (D) 0.2 मोल, 0.2 मोल

E-5. 31 ग्राम P_4 का 32 ग्राम O_2 में पूर्ण दहन कराने पर P_4O_6 तथा P_4O_{10} का कितना भार बनेगा।

(A) 2.75 ग्राम, 219.5 ग्राम (B) 27.5 ग्राम, 35.5 ग्राम (C) 55 ग्राम, 71 ग्राम (D) 17.5 ग्राम, 190.5 ग्राम

E-6. 0.05 मोल $LiAlH_4$ ईथर के विलयन को एक फ्लास्क में डाला जाता है, जिसमें 74 ग्राम (1 मोल) तृतीयक ब्यूटिल एल्कोहॉल उपस्थित है, तो उत्पाद में 12.7 ग्राम $LiAlHC_{12}H_{27}O_3$ बनता है। Li परमाणु को संरक्षित मानते हुए उत्पाद की प्रतिशत लब्धि बताइये।

(A) 25% (B) 75% (C) 100% (D) 15%

E-7. P के भारात्मक मापन में, डाइहाइड्रोजन फॉस्फेट आयन $H_2PO_4^-$ के जलीय विलयन में अमोनियम तथा मैग्नीशियम आयनों को मिलाने पर, मैग्नीशियम अमोनियम फॉस्फेट $Mg(NH_4)PO_4.6H_2O$ अवक्षेपित होता है। इसे गर्म करके मैग्नीशियम पायरोफॉस्फेट, $Mg_2P_2O_7$ में विघटित किया जाता है। जिसे तोला जाता है। $H_2PO_4^-$ का एक विलयन, 1.054 ग्राम $Mg_2P_2O_7$ देता है, तो NaH_2PO_4 की उपस्थित वास्तविक मात्रा क्या होगी ?

(A) 1.14 g (B) 1.62 g (C) 2.34 g (D) 1.33 g

E-8. $CaCl_2$ तथा NaCl का एक मिश्रण के 10 ग्राम प्रादर्श को उपचारित करने पर संम्पूर्ण कैल्शियम, $CaCO_3$ के रूप में अवक्षेपित हो जाता है। इसे गर्म करने पर Ca, CaO में परिवर्तित हो जाता है। CaO का अंतिम द्रव्यमान 1.62 ग्राम है तो वास्तविक मिश्रण में $CaCl_2$ का द्रव्यमान प्रतिशत है :

(A) 32.1 % (B) 16.2 % (C) 21.8 % (D) 11.0 %

E-9. NaOH के 1 मोल के उदासीनीकरण के लिए आवश्यक 70% शुद्ध H_2SO_4 का द्रव्यमान निम्न है–

(A) 49 g (B) 98 g (C) 70 g (D) 34.3 g

मोल-III : ऑक्सीकरण अपचयन तथा रेडॉक्स अभिक्रियाओं का सन्तुलन

खण्ड (F) : ऑक्सीकरण अंक का मूलभूत सिद्धान्त

F-1. Na_2O_2 में ऑक्सीजन का ऑक्सीकरण अंक है :
(A) + 1 (B) + 2 (C) – 2 (D) – 1

F-2. $Mg_2P_2O_7$ में फॉस्फोरस का ऑक्सीकरण अंक है :
(A) + 3 (B) + 2 (C) + 5 (D) – 3

F-3. SO_3^{2-}, $S_2O_4^{2-}$ तथा $S_2O_6^{2-}$ में सल्फर की ऑक्सीकरण अवस्था का क्रम है :
(A) $S_2O_6^{2-} < S_2O_4^{2} < SO_3^{2-}$ (B) $S_2O_4^{2-} < SO_3^{2-} < S_2O_6^{2-}$
(C) $SO_3^{2-} < S_2O_4^{2-} < S_2O_6^{2-}$ (D) $S_2O_4^{2} < S_2O_6^{2-} < SO_3^{2-}$

F-4. सूची-I (यौगिक) को सूची-II (नाइट्रोजन की ऑक्सीकरण अवस्था) के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कोड का उपयोग करते हुये अपना उत्तर चुनिये।

सूची-I		सूची-II	
(a)	NaN_3	(1)	+5
(b)	N_2H_2	(2)	+2
(c)	NO	(3)	–1/3
(d)	N_2O_5	(4)	–1

कोड :

	(a)	(b)	(c)	(d)		(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	3	4	2	1	(B)	4	3	2	1
(C)	3	4	1	2	(D)	4	3	1	2

F-5. Fe_3O_4 में Fe की औसत ऑक्सीकरण अवस्था है :
(A) – 8/3 (B) 8/3 (C) 2 (D) 3

F-6. N_2H_4 का 1 मोल, 10 मोल इलेक्ट्रॉन खोकर एक नया यौगिक Y बनाता है। यह मानकर कि नये यौगिक में सभी नाइट्रोजन प्राप्त होते हैं, तो Y में नाइट्रोजन की ऑक्सीकरण अवस्था क्या है : (हाइड्रोजन के आक्सीकरण अवस्था में कोई परिवर्तन नहीं होता है)
(A) – 1 (B) – 3 (C) + 3 (D) + 5

खण्ड (G) : ऑक्सीकरण अपचयन अभिक्रियाओं का सन्तुलन

G-1. निम्न अभिक्रिया $xHI + yHNO_3 \longrightarrow NO + I_2 + H_2O$ में, पूर्णांकों से सन्तुलित करने पर :
(A) x = 3, y = 2 (B) x= 2, y = 3 (C) x = 6, y = 2 (D) x = 6, y = 1

G-2. उपापचयी अभिक्रिया $MnO_4^- + C_2O_4^{2-} + H^+ \longrightarrow Mn^{2+} + CO_2 + H_2O$ में
MnO_4^-, $C_2O_4^{2-}$ तथा H^+ के लिए पूर्णांक रससमीकरणमिति गुणांक क्रमशः निम्न है :
(A) 2, 5, 16 (B) 16, 5, 2 (C) 5, 16, 2 (D) 2, 16, 5

G-3. उपापचयी अभिक्रिया $xP_4 + yHNO_3 \longrightarrow H_3PO_4 + NO_2 + H_2O$ में, पूर्णांकों से सन्तुलित करने पर :
(A) x = 1, y = 5 (B) x = 2, y = 10 (C) x = 1, y = 20 (D) x = 1, y = 15

G-4. अभिक्रिया $X^- + XO_3^- + H^+ \longrightarrow X_2 + H_2O$ में, X^- तथा XO_3^- के अभिकृत होने का मोलर अनुपात होगा :
(A) 1 : 5 (B) 5 : 1 (C) 2 : 3 (D) 3 : 2

G-5. अम्ल की उपस्थिति में NO_3^- द्वारा CN^- को ऑक्सीकृत किया जाता है :

$$aCN^- + bNO_3^- + cH^+ \longrightarrow (a + b)\,NO + aCO_2 + \frac{c}{2}H_2O$$

क्रम में a, b, c का पूर्णांक मान क्या है :
(A) 3, 7, 7 (B) 3, 10, 7 (C) 3, 10, 10 (D) 3, 7, 10

मोल-IV : सान्द्रता मापन

खण्ड (H) : सान्द्रता मापन की इकाईयाँ, सान्द्रता इकाईयों का अन्तर परिवर्तन

H-1. ग्लूकोस विलयन का 500 mL, 6.02×10^{22} अणु युक्त हैं। विलयन की सान्द्रता निम्न हैं :
(A) 0.1 M (B) 1.0 M (C) 0.2 M (D) 2.0 M

H-2. 0.8 M विलयन, जो विलेय के 100 मिलीमोल युक्त है, का आयतन क्या है?
(A) 100 mL (B) 125 mL (C) 500 mL (D) 62.5 mL

H-3. $\frac{M}{30}$ सान्द्रता का $FeCl_3$ का विलयन है, इसकी Cl^- आयन के लिए मोलरता होगी।
(A) $\frac{M}{90}$ (B) $\frac{M}{30}$ (C) $\frac{M}{10}$ (D) $\frac{M}{5}$

H-4. विलयन में H_2O और NaCl के समान मोल उपस्थित है तो NaCl विलयन की मोललता होगी :
(A) 0.55 (B) 55.5 (C) 1.00 (D) 0.18

H-5. H_2O में A का मोल–भिन्न 0.2 हैं। H_2O में A की मोललता निम्न हैं :
(A) 13.9 (B) 15.5 (C) 14.5 (D) 16.8

H-6. उस H_2SO_4 विलयन की मोलरता क्या होगी, जिसका घनत्व 1.84 g/cc तथा द्रव्यमान अनुसार 98% H_2SO_4 रखता है। (दिया गया है S का परमाण्वीय द्रव्यमान = 32)
(A) 4.18 M (B) 8.14 M (C) 18.4 M (D) 18 M

H-7. उस विलयन की मोलरता क्या है, जो KOH के 2.8% (द्रव्यमान/आयतन) रखता हो ?
(दिया गया है K का परमाण्विय द्रव्यमान = 39)
(A) 0.1 M (B) 0.5 M (C) 0.2 M (D) 1 M

H-8. प्रत्येक जलीय विलयन में शुद्ध NaOH के द्रव्यमान का घटता क्रम होगा।
(i) 40% भार/भार NaOH का 50 ग्राम
(ii) 50% भार/आयतन NaOH का 50 ml (d_{sol} = 1.2 g/ml).
(iii) 15 M NaOH का 50 ग्राम (d_{sol} = 1 g/ml).
(A) i, ii, iii (B) iii, ii, i (C) ii, iii, i (D) iii = ii = i

खण्ड (I) : तनुता व दो द्रवों का मिश्रण

I-1. यदि 1 M ग्लूकोस विलयन के 500 ml को, ग्लूकोस के ही 1 M विलयन के 500 ml के साथ मिलाया जाता है, तो विलयन की अन्तिम मोलरता निम्न होगी।
(A) 1 M (B) 0.5 M (C) 2 M (D) 1.5 M

I-2. 0.6 M HCl के 250 ml तथा 0.2 M HCl के 750 ml के मिश्रण में जल का कितना आयतन मिलाना चाहिए, जिससे HCl का 0.25 M विलयन प्राप्त हो :
(A) 750 ml (B) 100 ml (C) 200 mℓ (D) 300 mℓ

I-3. एक जलीय विलयन जिसमें 2% NaCl, 4% $CaCl_2$ तथा 6% NH_4Cl (भार/आयतन) उपस्थित है, तो Cl^- की मोलरता ज्ञात करो?
(A) 0.342 (B) 0.721 (C) 1.12 (D) 2.18

I-4. 2M Na_2SO_4 के 100 ml को, 3M NaCl के 100 ml तथा 1M $CaCl_2$ के 200 ml विलयन में मिलाते है तो धनायन तथा ऋणायन की सान्द्रता का अनुपात ज्ञात करो।
(A) 1/2 (B) 2 (C) 1.5 (D) 1

I-5. 0.2 M H_2SO_4 विलयन के कितने आयतन (mL में) को 0.1 M NaOH के 40 mL के साथ मिश्रित करना चाहिए कि परिणामी विलयन के लिए $\frac{6}{55}$ M H_2SO_4 की सान्द्रता आ जाए ?

(A) 70 (B) 45 (C) 30 (D) 58

भाग - III : कॉलम को सुमेलित कीजिए (MATCH THE COLUMN)

1.

	कॉलम – I		कॉलम – II
(A)	46 g/ मोल अणुभार रखने वाला एक कार्बनिक यौगिक जिसमें C = 52.17%, H = 13.04% तथा O = 34.78% (भार द्वारा) उपस्थित है।	(p)	यौगिक का 1 मोल $4N_A$ हाइड्रोजन परमाणु रखता है।
(B)	एक हाइड्रोकार्बन जिसमें 10.5 ग्राम कार्बन प्रति 1 ग्राम हाइड्रोजन उपस्थित है तथा इसका वाष्प घनत्व 46 है।	(q)	यौगिक का मूलानुपाती सूत्र एवं अणुसूत्र समान है।
(C)	एक हाइड्रोकार्बन में मोल अनुसार C = 42.857% तथा H = 57.143% उपस्थित है जिसमें 3 C परमाणु प्रति अणु उपस्थित है।	(r)	इस यौगिक के एक मोल दहन से H_2O के मोलों की तुलना में CO_2 के अधिक मोल प्राप्त होते हैं।
(D)	C, H तथा O परमाणु से बना एक कार्बनिक यौगिक के 0.3 ग्राम के दहन से 0.44 ग्राम CO_2 एवं 0.18 ग्राम H_2O, प्राप्त होते हैं। जबकि इसमें 2 O–परमाणु प्रति अणु उपस्थित हैं।	(s)	इस यौगिक के 0.25 मोल के दहन से प्राप्त CO_2 गैस का NTP पर आयतन 11.2 लीटर है।

2.

	कॉलम – I		कॉलम - II
(A)	$Zn(s) + 2HCl(aq) \rightarrow ZnCl_2(s) + H_2(g)$ उपरोक्त अभिक्रिया Zn और HCl प्रत्येक के दो मोल लेकर करवायी गई है।	(p)	आधिक्य अभिकर्मक का 50% बचेगा।
(B)	$AgNO_3(aq) + HCl(aq) \rightarrow AgCl(s) + HNO_3(g)$ उपरोक्त अभिक्रिया $AgNO_3$ के 170 ग्राम और HCl के 18.25 ग्राम लेकर करवायी गई है।	(q)	STP पर गैस का 22.4 L मुक्त होता है।
(C)	$CaCO_3(s) \rightarrow CaO(s) + CO_2(g)$ 100 ग्राम $CaCO_3$ विघटित होता है।	(r)	1 मोल ठोस (उत्पाद) प्राप्त होगा।
(D)	$2KClO_3(s) \rightarrow 2KCl(s) + 3O_2(g)$ $KClO_3$ के 2/3 मोल का विघटन होता है।	(s)	HCl सीमाकारी अभिकर्मक है।

3.

	कॉलम – I		कॉलम - II
(A)	0.2 M $AlCl_3$ विलयन का 100 ml + 0.1 M HCl विलयन का 400 ml	(p)	धनायनों की कुल सान्द्रता = 0.12 M
(B)	0.4 M KCl का 50 ml + 50 ml H_2O	(q)	$[SO_4^{2-}]$ = 0.06 M
(C)	0.2 M K_2SO_4 का 30 ml + 70 ml H_2O	(r)	$[SO_4^{2-}]$ = 2.5 M
(D)	200 ml 24.5% (भार/आयतन) H_2SO_4	(s)	$[Cl^-]$ = 0.2 M

Exercise-2

✍ चिन्हित प्रश्न दोहराने योग्य प्रश्न है।

भाग-I : केवल एक सही विकल्प प्रकार (ONLY ONE OPTION CORRECT TYPE)

1. केल्शियम फॉस्फेट $Ca_3(PO_4)_2$ का एक नमूना O-परमाणु के 8 मोल युक्त है। नमूने में Ca परमाणु के मोल की संख्या निम्न है :
(A) 4 (B) 1.5 (C) 3 (D) 8

2. 64 ग्राम कार्बनिक यौगिक जिसमें 24 ग्राम कार्बन और 8 ग्राम हाइड्रोजन तथा शेष ऑक्सीजन है। यौगिक का मूलानुपाती सूत्र होगा :
(A) CH_4O (B) CH_2O (C) C_2H_4O (D) कोई नहीं

3. अन्तरिक्ष यात्री की प्रति घंटा ऊर्जा की आवश्यकता की पूर्ति उसके शरीर में 34 ग्राम सुक्रोज ($C_{12}H_{22}O_{11}$) के दहन से की जा सकती है। अन्तरिक्ष यान में यात्री को एक दिन के लिए कितने ग्राम ऑक्सीजन को ले जाने की आवश्यकता होगी?
(A) 916.2 ग्राम (B) 91.62 ग्राम (C) 8.162 ग्राम (D) 9.162 ग्राम

4.✍ यदि 10 ग्राम Ag, 1 ग्राम सल्फर से क्रिया करता है, तो Ag_2S की प्राप्त मात्रा होगी :
(A) 7.75 g (B) 0.775 g (C) 11 g (D) 10 g

5.^ 10 मोल SO_2 तथा 15 मोल O_2 के मिश्रण को उत्प्रेरक पर प्रवाहित करने पर, SO_3 के 8 मोल बनते हैं। SO_2 तथा O_2 के कितने मोल परस्पर संयुक्त नहीं होते है ?
(A) 2 मोल SO_2, 11 मोल O_2 (B) 3 मोल SO_2, 11.5 मोल O_2
(C) 2 मोल SO_2, 4 मोल O_2 (D) मोल SO_2, 4 मोल O_2

6.✍ यदि जंग के कारण आयरन का एक टुकड़ा इसके भार का 10% और प्राप्त करता है। Fe_2O_3 में परिवर्तित होने से कुल आयरन का प्रतिशत, जिस पर जंग लगता है, वह है :
(A) 23 (B) 13 (C) 23.3 (D) 25.67

7. कैल्शियम कार्बाइड से पॉलिथीन का निर्माण निम्न प्रकार से किया जाता है।
$CaC_2 + H_2O \rightarrow Ca(OH)_2 + C_2H_2$; $C_2H_2 + H_2 \rightarrow C_2H_4$
$n(C_2H_4) \rightarrow (-CH_2-CH_2-)_n$.
64.0 kg CaC_2 से प्राप्त पॉलिथीन की मात्रा निम्न हो सकती है
(A) 28 kg (B) 14 kg (C) 21 kg (D) 42 kg

8.✍ आयरन (Fe) का 1 मोल , 0.65 मोल O_2 के साथ पूर्णरूप से क्रिया कराने पर केवल FeO तथा Fe_2O_3 का मिश्रण देता है। फेरस ऑक्साइड तथा फेरिक ऑक्साइड का मोल अनुपात निम्न है –
(A) 3 : 2 (B) 4 : 3 (C) 20 : 13 (D) इनमें से कोई नहीं

9.✍ जब एक बन्द निकाय में ऑक्सीजन के y ग्राम के साथ कार्बन के x ग्राम को गर्म किया जाता है, तो कोई ठोस अवशेष नहीं बचता है। निम्न में से कौनसा वक्तव्य सही है ?
(A) y/x, 1.33 तथा 2.67 के बीच होना चाहिए। (B) y/x, 2.67 से अधिक या बराबर होना चाहिए।
(C) y/x, 1.33 से कम या बराबर होना चाहिए। (D) y/x, 1.33 से अधिक या बराबर होना चाहिए।

10. जब कार्बन और सल्फर के 12 ग्राम मिश्रण को वायु में जलाते हैं, तो CO_2 और SO_2 का मिश्रण उत्पाद के रूप में प्राप्त होता है, जिसमें SO_2 के मोलों की संख्या, CO_2 की तुलना में आधी होती है। मिश्रण में कार्बन का भार है :
(A) 4.08 g (B) 5.14 g (C) 8.74 g (D) 1.54 g

11. जब ZnS को प्रबल नाइट्रिक अम्ल के साथ उबाला जाता है, तो उत्पाद जिंक नाइट्रेट, सल्फ्यूरिक अम्ल तथा नाइट्रोजन डाइऑक्साइड होते हैं। Zn, S तथा N की ऑक्सीकरण संख्या में क्या परिवर्तन होते हैं :
(A) + 2, + 4, – 1 (B) + 2, + 6, – 2 (C) 0, + 4, – 2 (D) 0, + 8, – 1

12. $xNO_3^- + yI^- + zH^+ \rightarrow 2NO + 3I_2 + 4H_2O$ उपरोक्त समीकरण में x, y, z क्रमशः हैं :
(A) 2, 6, 8 (B) 1, 6 , 4 (C) 0, 6 , 8 (D) 2 , 3 , 4

13. जब NaOH के साथ आर्सेनिक सल्फाइड को उबाला जाता है, तो निम्न अभिक्रिया द्वारा सोडियम आर्सेनाइट तथा सोडियम थायोआर्सेनाइट बनता है :

$x\,As_2S_3 + y\,NaOH \longrightarrow xNa_3AsO_3 + xNa_3AsS_3 + \frac{y}{2}H_2O$: x तथा y के मान क्या हैं :
(A) 1, 6 (B) 2, 8 (C) 2, 6 (D) 1, 4

14. निम्न समीकरण (अभिक्रिया) का सन्तुलित कीजिए व वह संख्या चुनिये जो अभिकारक व उत्पाद के गुणांकों का योग हों :
.... $KMnO_4$ +....... H_2O_2 +....... H_2SO_4 .... $\longrightarrow$ $MnSO_4$ +....... O_2 +....... H_2O +....... K_2SO_4
(A) 26 (B) 23 (C) 28 (D) 22

15.^ निम्न समीकरण परमाणु तथा आवेश के अनुसार संतुलित है :
(i) $Cr_2O_7^{2-} + 8H^+ + 3H_2O_2 \longrightarrow 2Cr^{3+} + 7H_2O + 3O_2$
(ii) $Cr_2O_7^{2-} + 8H^+ + 5H_2O_2 \longrightarrow 2Cr^{3+} + 9H_2O + 4O_2$
(iii) $Cr_2O_7^{2-} + 8H^+ + 7H_2O_2 \longrightarrow 2Cr^{3+} + 11H_2O + 5O_2$
H_2O_2 के ऑक्सीकरण को प्रदर्शित करने वाली यथार्थ समीकरण/समीकरणें निम्न हैं :
(A) केवल (i) (B) केवल (ii) (C) केवल (iii) (D) सभी तीन

16. किसी रिसर्च लैब से 10ºC पर लिए गये ग्लूकोस के विलयन का मोल प्रभाज्य (x) और मोललता (m) अंकित की गई। जब आप इसे अपनी लैब में 24ºC पर लेगें तो इसकी मोललता और मोल प्रभाज्य होगे :
(A) मोल भिन्न (x) तथा मोललता (m) (B) मोल भिन्न (2x) तथा मोललता (2m)
(C) मोल भिन्न (x/2) तथा मोललता (m/2) (D) मोल भिन्न (x) तथा मोललता (m ± dm)

17. 36.5 % HCl का घनत्व 1.20 ग्राम mL^{-1} के बराबर है तो इसकी मोलरता तथा मोललता क्रमशः है :
(A) 15.7, 15.7 (B) 12, 12 (C) 15.7, 12 (D) 12, 15.7

18. ऐथेनॉल के जलीय विलयन का घनत्व 1.025 g/mL है व सान्द्रता 2M है। विलयन की मोललता क्या है।
(A) 1.79 (B) 2.143 (C) 1.951 (D) इनमें से कोई नही

19. जलीय एथिल एल्कोहॉल विलयन में एथिल एल्कोहॉल (C_2H_5OH) का मोल–भिन्न 0.25 है। अतः एथिल एल्कोहॉल के भार का प्रतिशत निम्न है–
(A) 54% (B) 25% (C) 75% (D) 46%

20. 80 प्रतिशत (w/w) H_2SO_4 (d = 1.96 g/mL) के 100 ml विलयन में सल्फर ट्राइऑक्साइड के 4 ग्राम को घोलकर बनाये गये सल्फ्यूरिक अम्ल का द्रव्यमान प्रतिशत (w/w) परिकलित कीजिए। (H_2SO_4 का अणुभार = 98). निम्न अभिक्रिया लीजिए $SO_3 + H_2O \rightarrow H_2SO_4$.
(A) 80.8% (B) 84% (C) 41.65% (D) इनमें से कोई नहीं

21. 4ºC पर शुद्ध जल के 15 ml को एथिल एल्कोहल (घनत्व=0.792 ग्राम ml^{-1}) के 15.0 ml के साथ मिलाया गया, जिससे 0.924 ग्राम ml^{-1} घनत्व का परिणामी विलयन प्राप्त होता है, तब आयतन में प्रतिशत कमी की गणना कीजिए।
(A) 8 % (B) 2 % (C) 3 % (D) 4 %

भाग - II : संख्यात्मक मान प्रश्न (NUMERICAL VALUE QUESTIONS)

1. $K_2SO_4.\,Al_2(SO_4)_3.\,24H_2O$ के 1.25 मोल में उपस्थित SO_4^{-2} के ग्राम आयनों की संख्या है ?

2. कई अभिक्रियाओं में विलायक के रूप में प्रयुक्त एक कार्बनिक पदार्थ में कार्बन, हाइड्रोजन, ऑक्सीजन तथा सल्फर है। यौगिक में हाइड्रोजन का भार % 7.7 हैं। C : O : S = 3 : 2 : 4 भार अनुपात में है। यौगिक का न्यूनतम सम्भव मोलर द्रव्यमान (ग्राम में) क्या है?

3. टेफ्लॉन बहुलक $-(CF_2-CF_2)_n-$ के विचरन में सम्बन्धित अभिक्रिया का अवलोकन कीजिए।

$$XeF_6 + -(CH_2-CH_2)_n- \longrightarrow -(CF_2-CF_2)_n- + HF + XeF_4.$$

100 ग्राम टेफ्लॉन के विचरन के लिए आवश्यक XeF_6 के मोल ज्ञात कीजिए।

4. अभिक्रिया : $2Al + Cr_2O_3 \longrightarrow Al_2O_3 + 2Cr$, मे Al के 49.8 ग्राम, Cr_2O_3 के 200.0 ग्राम के साथ क्रिया करता है। अभिक्रिया समाप्ती के पश्चात् अभिकारक के कितने ग्राम शेष रहेगें।

5. FeO व Fe_2O_3 के एक 3 : 2 मोलर अनुपात मिश्रण ऑक्सीजन के साथ क्रिया कर FeO व Fe_2O_3 के 2 : 3 मोलर अनुपात मिश्रण को उत्पादित करता है। प्रारम्भिक मिश्रण के प्रति मोल आवश्यक ऑक्सीजन गैस का भार (g में) ज्ञात कीजिए।

6. निम्न अभिक्रियाओं को कराने के लिए एक फ्लोरीन विसर्जन प्लान्ट लगाया गया है :

$$F_2 + 2NaOH \longrightarrow \frac{1}{2}O_2 + 2NaF + H_2O$$

$$2NaF + CaO + H_2O \longrightarrow CaF_2 + 2NaOH$$

जैसे ही प्लान्ट ऑपरेट किया जाता है, तो CaF_2 के रूप में फ्लोराइड के पूर्ण अवक्षेपण के लिए चूने के आधिक्य को इसमें मिलाया गया। ऑपरेशन की अवधि के दौरान, प्लान्ट में फ्लोरीन के 1900 kg भरे गये तथा चूने के 10,000 kg की आवश्यकता थी। चूने का कितना प्रतिशत काम में लिया गया ? [चूना : CaO]

7. $Cl_2 + KOH \xrightarrow{60\%} KCl + KClO + H_2O$

$KClO \xrightarrow{50\%} KCl + KClO_3$

$KClO_3 \xrightarrow{80\%} KClO_4 + KCl$

1 मोल पौटेशियक हाइड्रॉक्साइड प्रति लीटर रखने वाले 10 L KOH विलयन में STP पर 112 L Cl_2 गैस को प्रवाहित किया जाता हैं, उत्पादित KCl के कुल मोलों को परिकलित कीजिए, निकटतम पूर्णांक में इसे लीजिए। (प्रत्येक अभिक्रिया के तीर ($\rightarrow$) के ऊपर रासायनिक अभिक्रियाओं की लब्धि को लिखा गया हैं)

8. यदि एक पात्र में 240 ग्राम कार्बन लेकर इसे पूर्णतया CO_2 में परिवर्तित किया जाता है, लेकिन उद्योग में यह पाया गया कि CO_2 के साथ 280 ग्राम CO भी बनता है। उत्पादित CO_2 की मोल प्रतिशतता ज्ञात करो ? होने वाली अभिक्रिया निम्न है– $C + O_2 \longrightarrow CO_2$; $C + \frac{1}{2}O_2 \longrightarrow CO$

9. जब 1 मोल A, $\frac{1}{2}$ मोल B_2 के साथ अभिक्रिया करता है ($A + \frac{1}{2}B_2 \rightarrow AB$) तब 100 Kcal ऊर्जा मुक्त होती है व जल 1 मोल A व 2 मोल B_2 ($A + 2B_2 \rightarrow AB_4$) क्रिया करते है तो 200 Kcal ऊष्मा मुक्त होती है तथा जब 1 मोल A पूर्ण रूप से B_2 के आधिक्य से क्रिया करता है तो AB व AB_4 बनता है तथा 140 Kcal ऊष्मा उत्सर्जित होती है तो B_2 के प्रयुक्त मोल ज्ञात करो। [अपना उत्तर **(B_2 के प्रयुक्त मोल × 10)]** के रूप में दिजिये।

10. $CaCO_3$ एवम् $MgCO_3$ के 92 ग्राम मिश्रण को उच्च ताप पर खुले बीकर में गर्म किया जाता है। कार्बोनेटों के पूर्ण वियोजन के बाद बचे अवशेष का भार 48 ग्राम है, तो मिश्रण में $MgCO_3$ का भार (ग्राम में) ज्ञात करो।

11. निम्न यौगिकों में सभी रंखांकित तत्वों की ऑक्सीकरण अवस्थाओं का योग क्या होगा ?
$\underline{C}O_2$, $K_2\underline{Mn}O_4$

12. H_2SO_5 (परऑक्सीमोनोसल्फ्यूरिक अम्ल) तथा $Na_2S_2O_3$ (सोडीयम थायोसल्फेट) में S के औसत ऑक्सीकरण अंको का योग ज्ञात कीजिये।

13. क्षारीय माध्यम में अभिक्रिया $Cl_2(g) + S_2O_3^{2-} \longrightarrow SO_4^{2-} + Cl^-$ होती है। प्रारम्भ में Cl_2 के 1.5 मोल, $S_2O_3^{2-}$ के 0.1 मोल तथा OH^- के 3 मोल लेते है। अभिक्रिया के पूर्ण होने के बाद विलयन में बचे OH^- के मोल कितने होंगे। मानें कि कोई दूसरी अभिक्रिया नहीं हो रही है।

14. निम्न अभिक्रिया में –

$xZn + yHNO_3(dil) \longrightarrow aZn(NO_3)_2 + bH_2O + cNH_4NO_3$

गुणांको (a + b + c) का योग क्या है?

15. 16 ग्राम मेथेनॉल में कितना जल मिलाया जाये कि मिश्रण में मेथेनॉल की मोल भिन्न 0.25 हो जाये?

16. एक विलयन के द्रव्यमान का 98% H_3PO_4 (98 ग्राम मोल$^{-1}$) है। यदि विलयन का घनत्व 1.8 g/ml है, तो मोलरता होगी।

17. 10% एल्कोहॉल के भार अनुसार 80 mL बनाने के लिए 90% एल्कोहॉल के भार अनुसार (d = 0.8 ग्राम mL^{-1}) का कितना आयतन (mL में) प्रयुक्त होना चाहिए।

18. 5 M HCl के 2.0 लीटर में पानी के 3.0 लीटर मिलाते है। परिणामी विलयन में HCl की मोलरता क्या होगी ?

19. एक विलयन जिसमें पूर्ण अभिक्रिया $MCl_x + xAgNO_3 \rightarrow xAgCl + M(NO_3)_x$ कराने के लिए धातु क्लोराइड MCl_x के 0.1 मोल के लिए 0.8 M $AgNO_3$ विलयन के 500 ml की आवश्यकता होती है, तो x का मान है ?

भाग - III : एक या एक से अधिक सही विकल्प प्रकार

1. 1.7 ग्राम NH_3 के सन्दर्भ में कौनसा/कौनसे कथन सही हैं।

(A) इसमें 0.3 मोल H – परमाणु उपस्थित हैं।
(B) इसमें 2.408×10^{23} परमाणु उपस्थित हैं।
(C) हाइड्रोजन का % भार 17.65 है।
(D) यह 0.3 मोल N-परमाणु रखता है।

2. STP पर वायु का घनत्व 0.001293 g/cm^3 है, तो निम्न में से कौनसा कथन सत्य है –

(A) वाष्प घनत्व 14.48 हैं।
(B) अणु भार 28.96 हैं।
(C) वाष्प घनत्व 0.001293 g/cm^3 हैं।
(D) वाष्प घनत्व और अणुभार निर्धारित नहीं किये जा सकते हैं।

3. $(CH(C_2H_5)(C_2H_5)\text{–}COOH)_n$ + $AgNO_3$ (आधिक्य) $\longrightarrow$ सिल्वर लवण $\longrightarrow$ Ag (धातु)

यदि 0.5 मोल सिल्वर लवण के लिये जाते है तथा अवशेष्य का भार 216 ग्राम प्राप्त होता है तो निम्न में से सही है?
(Ag = 108 g/mol).

(A) n = 4
(B) n = 2
(C) सिल्वर लवण का आण्विक भार 718 g/mol है।
(D) सिल्वर लवण का आण्विक भार 388 g/mol है।

4. यदि कार्बन के 27 ग्राम को, ऑक्सीजन के 88 ग्राम के साथ मिश्रित किया जाता है तथा CO_2 उत्पादन के लिये इन्हे जलाया जाता है, तब:

(A) ऑक्सीजन सीमान्त अभिकर्मक है।
(B) NTP पर उत्पादित CO_2 का आयतन 50.4 लीटर है।
(C) कार्बन तथा ऑक्सीजन 3 : 8 के द्रव्यमान अनुपात में संयोजित होते हैं।
(D) STP पर अन्अभिकृत O_2 का आयतन 11.2 लीटर है।

5. निम्न अभिक्रिया के लिये : $Na_2CO_3 + 2HCl \longrightarrow 2NaCl + CO_2 + H_2O$

Na_2CO_3 के 106.0 ग्राम, HCl के 109.5 ग्राम के साथ किया जाता है।
निम्न में से कौनसा/कौनसे सही है/हैं –

(A) HCl आधिक्य में
(B) NaCl के 117.0 ग्राम बनते हैं
(C) NTP पर उत्पन्न CO_2 का आयतन 22.4 L है।
(D) इनमें से कोई नहीं।

6. (i) $K_4Fe(CN)_6 + 3H_2SO_4 \longrightarrow 2K_2SO_4 + FeSO_4 + 6HCN$

(ii) $6HCN + 12H_2O \longrightarrow 6HCOOH + 6NH_3$

(iii) (a) $6NH_3 + 3H_2SO_4 \longrightarrow 3(NH_4)_2SO_4$ (b) $6HCOOH \xrightarrow{H_2SO_4} 6CO + 6H_2O$

एक मोल $K_4[Fe(CN)_6]$, 5 मोल H_2SO_4 एवं जल की पर्याप्त मात्रा के साथ एक अभिक्रिया उपरोक्त पदों में सम्पन्न होती है। अभिक्रिया के प्रथम पद में सीमाकारी क्रियाकारक ज्ञात कीजिए एवं CO गैस तथा $(NH_4)_2\ SO_4$ के प्राप्त होने वाले अधिकतम मोलों की संख्या ज्ञात कीजिए।

(A) LR = H_2SO_4 (B) LR = $K_4Fe(CN)_6$,

(C) 6 मोल CO, 2 मोल $(NH_4)_2SO_4$ (D) 5 मोल CO, 2.5 मोल $(NH_4)_2SO_4$

7. $A + B \rightarrow A_3B_2$ (असंतुलित)

$A_3B_2 + C \rightarrow A_3B_2C_2$ (असंतुलित)

उपरोक्त अभिक्रिया को A तथा B प्रत्येक के 3 मोल तथा C के 1 मोल से क्रिया करायी जाती है, तब कौनसा/कौनसे कथन सत्य हैं।

(A) $A_3B_2C_2$ का 1 मोल बनता है। (B) $A_3B_2C_2$ का 1/2 मोल बनता है।

(C) A_3B_2 का 1/2 मोल बनता है। (D) A_3B_2 का 1/2 मोल बच जाता है।

8. $CaCl_2$ एवं NaCl के मिश्रण का एक नमूना जिसका भार 4.44 ग्राम है, के पूर्ण Ca को $CaCO_3$ में अवक्षेपित करने के लिए उपचारित किया गया। जिसको बाद में गर्म किया गया और मात्रात्मक रूप से 1.12 ग्राम CaO में परिवर्तित किया गया। (परमाणु भार Ca = 40, Na = 23, Cl = 35.5)

(A) मिश्रण में 50% NaCl है। (B) मिश्रण में 60% $CaCl_2$ है।

(C) $CaCl_2$ का द्रव्यमान 2.22 ग्राम है। (D) $CaCl_2$ का द्रव्यमान 1.11 ग्राम है।

9. निम्न में से कौनसा/कौनसे कथन सही है/हैं –

$CaCO_3(s)$ तथा काँच मनके के 1 ग्राम मिश्रण को HCl के आधिक्य के साथ उपचारित करने पर 22 ग्राम CO_2 मुक्त होती है। काँच, HCl के साथ क्रिया नहीं करता है।

$CaCO_3 + 2HCl \longrightarrow CO_2 + H_2O + CaCl_2$

[$CaCO_3$ का आण्विक भार = 100, CO_2 का आण्विक भार = 44, [Ca का परमाणु भार = 40]

(A) वास्तविक मिश्रण में $CaCO_3$ का भार 0.5 ग्राम है। (B) वास्तविक मिश्रण में Ca का भार 0.2 ग्राम है।

(C) वास्तविक मिश्रण में Ca का प्रतिशत 40% है। (D) वास्तविक मिश्रण में Ca का प्रतिशत 20% है।

10. अशुद्ध Na_2CO_3 का 21.2 ग्राम प्रादर्श घुलित है तथा $CaCl_2$ के एक विलयन के साथ क्रियाशील है तो अवक्षेपित $CaCO_3$ का भार 10.0 ग्राम है। निम्न में से कौनसा/कौनसे कथन सही है/हैं –

(A) Na_2CO_3 की % शुद्धता 50% है।

(B) Na_2CO_3 की % शुद्धता 60% है।

(C) Na_2CO_3 के मोलो की संख्या = $CaCO_3$ = 0.1 मोल है।

(D) उत्पन्न NaCl के मोलो की संख्या 0.1 मोल है।

11. मिट्टी के 100 ग्राम प्रादर्श (19% H_2O, 40% सिलिका तथा शेष अक्रिय गैस युक्त) को आंशिक शुष्क किया जाता है। जिससे यह 10% H_2O युक्त रह जाता है।

निम्न में से कौनसा/कौनसे कथन सही है/हैं –

(A) शुष्क मिट्टी में सिलिका की प्रतिशतता 44.4% है।

(B) आंशिक रूप से शुष्क मिट्टी का द्रव्यमान 90.0 ग्राम है।

(C) शुष्क मिट्टी में अक्रिय अशुद्धियों की प्रतिशतता 45.6% है।

(D) वाष्पित जल का द्रव्यमान 10.0 ग्राम है।

12. निम्न अभिक्रियाओं में से कौनसी रेडॉक्स अभिक्रिया नहीं है ?

